हरिभूमि
# कोरिया भूमि
तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री
बिलासपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 रात के अंधेरे में चला बुलडोजर, लोगों में आक्रोश, किया एसडीएम कार्यालय का घेराव



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जनगोष्ठी कल

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा को 100 वर्ष पूर्ण होने पर 28 मार्च को प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस संबंध में राष्टीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघ चालक नरेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च को दिव्यलोक महलपारा बैकुंठपुर में अपरान्ह 3 से सायं 6 बजे तक प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें समाज को नेतृत्व एवं दिशा देने वाले प्रमुखजन के साथ संवाद के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री सोनी ने जानकारी दी कि आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र प्रचार प्रमुख केन्द्र भोपाल कैलाश चंद उपस्थित रहेंगे।

### राजस्व पखवाड़ा, गांवों में पहुंचेगा प्रशासन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व पखवाड़ा का विस्तृत ग्रामवार शेड्यूल जारी कर दिया है। इस अभियान के तहत तहसील मनेन्द्रगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक गांवों में शिविर लगाए जाएंगे, जहां पटवारी और राजस्व अमला मौके पर ही समस्याओं का समाधान करेंगे। यह विशेष अभियान तीन चरणों में 1 से 15 अप्रैल, 4 से 18 मई और 1 से 15 जून तक संचालित होगा।

### अनूपपुर में 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अनूपपुर द्वारा विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. एससी राय सहित जिला चिकित्सालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।

### छग धर्म स्वातंत्र्य विधेयक समाज में सकारात्मक संदेश

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन द्वारा प्रस्तुत धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2026 को समाज में व्यापक



सराहना मिल रही है। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख अमित श्रीवास्तव ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि यह कानून समाज में पारदर्शिता, न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से किसी भी प्रकार के अवैध, प्रलोभन या दबाव के आधार पर होने वाले धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा, जिससे समाज में संतुलन और सौहार्द बना रहेगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनकी सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए यह साहसिक निर्णय लिया है, जिसके लिए प्रदेश की जनता उनकी आभारी है। यह विधेयक न केवल धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करेगा, बल्कि सामाजिक समरसता और पारंपरिक मूल्यों को भी सुदृढ़ बनाएगा।

### वीवीपैट और ईवीएम का त्रैमासिक भौतिक निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीवीपैट एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का त्रैमासिक भौतिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत पूरी पारदर्शिता एवं सावधानी के साथ संपन्न कराया गया। निरीक्षण के दौरान वीवीपैट एवं ईवीएम मशीनों की भौतिक स्थिति, सील की सुरक्षा, स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भंडारण व्यवस्था तथा तकनीकी कार्यप्रणाली का सूक्ष्म परीक्षण किया गया।

## हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन, भक्तिमय रहा शहर

# देवी मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़








हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चैत्र नवरात्र के महाष्टमी पर गुरूवार को जगह -जगह हवन पूजन एवं भोग भंडारा का कार्यक्रम चलता रहा, इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो चला था। शहर के निकट झुमका बांध तट स्थित मॉ रमदईया धाम में काफी संख्या में महाष्टमी के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर माता के दरबार में मत्था टेका एवं पूजा-अर्चना कर मनोकामना की।

इस अवसर पर कोरिया एवं एमसीबी जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही, सुबह से ही श्रद्धालु देवी मंदिरों में पहुंच पूजा-अर्चना करते रहे। इस दौरान देवी मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान का कार्यक्रम भी चलता रहा और भोग भंडारा कार्यक्रम भी आयोजत हुए, जहां दोपहर बाद तक श्रद्धालुओं द्वारा भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते रहे। जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि गुरूवार को ही दोपहर में लग गई थी, लेकिन उदया तिथि के कारण नवमी तिथि शुक्रवार को मनाया जाएगा। 27 मार्च को अंतिम दिन भी देवी मंदिरों में माता का श्रृंगार कर विशेष रूप से विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी। अंतिम दिन होने के कारण आज भी सुबह से ही देवी मंदिरों में माता के दर्शन करने एवं पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ जुटेगी। उल्लेखनीय है कि विगत 19 मार्च से चत्र नवरात्र की शुरूआत हुई और पूरे नौ दिनों तक शक्ति की देवी की आराधना विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता रहा और आज अंतिम दिन नवमी तिथि को देवी मंदिरों में हवन-पूजन अनुष्ठान के साथ महाभोग चढ़ाया जाएगा, इसके साथ ही नौ दिनों दिनों तक चलने वाला चैत्र नवरात्र की धूम समाप्त हो जाएगी।

### रमदईया धाम में स्वास्थ्य शिविर

संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देश तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला आयुष विभाग द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध रमदईया मंदिर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में विशेष रूप से बालिकाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गइइं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एलविना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में पहली बार कोरिया जिले में इस प्रकार की पहल की गई है, जिसमें 150 से अधिक श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को निःशुल्क 20 एमएल पानकम वितरित किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि रामनवमी के दिन




भी इसका वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पानकम बनाने में सोंठ, गुड़, इलायची, तुलसी, काली मिर्च, नींबू एवं भीमसेनी कपूर का उपयोग किया गया है। यह पेय गर्मी के मौसम में पेट की गर्मी से राहत देता है, पाचन शक्ति को मजबूत करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है, इसे उपवास के दौरान भी सेवन किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पानकम (जिसे पानक या पानगम भी कहा जाता है) दक्षिण भारत का एक पारंपरिक मीठा पेय है, जिसे विशेष रूप से रामनवमी सहित अन्य हिंदू त्योहारों पर प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है, खासकर गर्मियों के मौसम में।

### जगह-जगह कन्या पूजन का आयोजन

चैत्र नवरात्र के महाष्टमी तिथि को विभिन्न देवी मंदिरों के साथ कुछ श्रद्धालुओं के द्वारा कुंवारी कन्याओं का विधि पूर्वक पूजा-अर्चना किया गया। इस दिन कई श्रद्धालुओं द्वारा अपने मोहल्ले की छोटी कन्याओं को अपने घर में आमंत्रित कर श्रद्धापूर्वक भोग प्रसाद खिलाया गया और उन्हें दान कर विदा दी गई। इसी तरह कई देवी मंदिर परिसर में महाष्टमी तिथि पर भोग भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। 27 मार्च को नवमी पर कन्या भोज का आयोजन होगा।

### आज होगा जवारा विसर्जन

नवरात्र की शुरूआत 19 मार्च से हुई और पहले ही दिन जवारा बोया गया और इसके बाद से देवी मॉ के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना होती रही, इसके बाद आज नवमी तिथि को सभी जगहों पर बोए गए जवारा का 27 मार्च को नवमी तिथि को जिले के गांव-गांव से जवारा विसर्जन की झांकी निकाली जाएगी। स्थानीय मॉ रमदईया धाम परिसर से विशाल जवारा विसर्जन की झांकी धाम परिसर से निकाली जाएगा, वापस लौटकर जवारा विसर्जन किया जाएगा।

# स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाफ डॉक्टर मिले नदारद

**कलेक्टर ने जताई नाराजगी, कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने पोड़ी-बचरा और चिरमी स्वास्थ्य केन्द्रों पर अचानक छापा मारा। निरीक्षण में कई डॉक्टर और कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले, साथ ही अस्पताल में गंदगी और अव्यवस्था का आलम भी सामने आया। हालात देखकर कलेक्टर ने मौके पर ही नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी-बचरा में बीएमओ डॉ. बृजेश साहू, मेडिकल ऑफिसर डॉ. जितेन्द्र सिंह और डॉ. रोहित शर्मा, फार्मासिस्ट धातेश्वर सिंह सराठिया तथा नेत्र सहायक रोशन कुमार अनुपस्थित पाए गए वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमी में भी मेडिकल ऑफिसर डॉ. विक्रम निराला और स्टाफ नर्स चंदारानी गैरहाजिर मिले। निरीक्षण के दौरान जब कलेक्टर वार्डों में पहुंची तो वहां गंदे बेडशीट, अव्यवस्थित बिस्तर और भोजन स्थल पर फैली गंदगी, दवाई के अव्यवस्थित रख-रखाव को देखकर वे भड़क उठीं। उन्होंने साफ कहा कि मरीजों के साथ इस तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. प्रशांत सिंह को निर्देश दिए कि सभी अनुपस्थित डॉक्टरों और कर्मचारियों को शो-कॉज नोटिस जारी किया जाए। साथ ही उन्होंने सीएमएचओ की जिम्मेदारी तय करते हुए जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने के आदेश दिए। अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाते हुए कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि साफ-सफाई और व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सीधे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



निरीक्षण करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

# भव्यता के साथ मनेगा हनुमान जन्मोत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में झगराखंड रोड स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी 1008 हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती को लेकर हनुमान सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 2 अप्रैल को होने वाले भव्य आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। सभी धार्मिक कार्यक्रम सर्वसम्मति से तय किए गए तथा सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गइइं। समिति के नरेन्द्र अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल बुधवार को सुबह 8 बजे से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा, जो 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे पूर्ण होगा, इसके पश्चात उसी दिन प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। कलश यात्रा के पश्चात मंदिर में विधि-विधान से हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति द्वारा आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। हनुमान सेवा समिति ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं एवं प्रबुद्धजन से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित कार्यक्रमों में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। बैठक में नरेन्द्र अरोड़ा, रामनारायण अग्रवाल, विनोद सोनी, पिंटू गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** लटोरी अंतर्गत ग्राम करवां पंडरीपारा निवासी शिवनारायण आ. बिहारी पोर्ते (35 वर्ष) पिछले एक साल से ससुराल राजपुर क्षेत्र के ग्राम चिलमा कला में पत्नी के साथ रह रहा था। गत दिन जब पत्नी जयंती मवेशी चराने गई तो पति घर में अकेला था। इसी बीच शिवनारायण ने शराब पीने के पश्चात घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन उसे झोलाछाप डॉक्टर को दिखाया। तो डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन शिवनारायण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सुबह उसकी मौत हो गई।

# नागपुर में आधुनिक उद्योगों से रूबरू हुए प्रतिभागी

**बैकुण्ठपुर।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की तकनीकी क्षमता, बाजार समझ एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की रैम्प योजना के अंतर्गत छग राज्य में सीएसआईडीसी के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 23 एवं 24 मार्च को महाराष्ट के नागपुर स्थित पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क में दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कोरिया, गौरेला- पेंड्रा- मरवाही एवं बस्तर जिलों से कुल 25 एमएसएमई




उद्यमियों ने सहभागिता की। विजिट का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों, उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता मानकों एवं बाजार तंत्र की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क, नागपुर के बिजनेस हेड एसके राणा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की एक्सपोजर विजिट उद्यमियों के लिए सीखने, नेटवर्किंग बढ़ाने एवं व्यवसाय में नवाचार अपनाने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। दो दिवसीय इस विजिट के दौरान उद्यमियों ने विभिन्न उद्योगों, प्रोसेसिंग यूनिट्स, क्लस्टरों एवं प्रशिक्षण संस्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें अत्याधुनिक उत्पादन तकनीकों, मशीनरी, गुणवत्ता नियंत्रण एवं प्रमाणन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सफल उद्यमियों एवं विशेषज्ञों के साथ संवाद कर व्यावसायिक अनुभवों का आदान-प्रदान भी किया गया।

# पशु औषधालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी बुधवार को चिरमी स्थित पशु औषधालय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर के अचानक पहुंचने से केन्द्र के कर्मचारी हड़बड़ाते नजर आए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रजिस्टर पंजी, दवा वितरण और अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। कलेक्टर ने पंजी रजिस्टर का अवलोकन करते हुए पशुओं के टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली। टीकाकरण कार्य में सुस्ती पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पशुधन विकास विभाग के उप संचालक को निर्देशित किया कि जिले के सभी पशु औषधालयों का नियमित निरीक्षण किया जाए। कलेक्टर ने दवाइयों की उपलब्धता के साथ-साथ उनकी एक्सपायरी डेट की भी जांच की और आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला पशुपालन विभाग की उप संचालक डॉ. विभा बघेल को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशानुसार कार्य करते हुए पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाया जाए।

# तीन माह में 34 कर्मियों को समय पर पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सेवानिवृत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर पेंशन उपलब्ध कराने की दिशा में जिला कोषालय कोरिया द्वारा लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बीते तीन माह में 34 पेंशन प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण कर संबंधित शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को समय पर पेंशन का लाभ प्रदान किया गया है। जिला कोषालय अधिकारी पीएस परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला कोषालय में प्रस्तुत किए जाते हैं। कोषालय स्तर पर इन दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच की जाती है और किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित विभाग को तत्काल सूचित किया जाता है। सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद ही पेंशन प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2025 में 15 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जबकि एक प्रकरण आवश्यक जानकारी के अभाव में लंबित रहा। इसी प्रकार दिसंबर 2025 में 11 प्रकरणों में पेंशन प्रारंभ की गई। जनवरी 2026 में 9 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जबकि 2 प्रकरण रायपुर एवं संबंधित विभाग के डीडीओ स्तर पर लंबित होने के कारण पेंशन प्रारंभ नहीं हो सकी।

उन्होंने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों से अपील की कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पूर्ण एवं सही दस्तावेज समय पर जिला कोषालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि पेंशन स्वीकृति में किसी प्रकार की देरी नहीं हो।

## स्वास्थ्य मंत्री बोले- गांव से लेकर शहर तक विकास की नई लहर

# चैनपुर में जिला पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के विकास इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय उस समय जुड़ गया जब चैनपुर में 3 करोड़ 1 लाख 32 हजार की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक जिला पंचायत भवन का भव्य भूमि पूजन समारोह पूरे उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भूमि पूजन से हुई, जिसे मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों द्वारा संपन्न किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक



भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

अधिकारियों और काफी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को जनभागीदारी का अद्भुत स्वरूप प्रदान किया। भूमि पूजन के उपरांत राष्ट के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए राष्टीय गीत का सामूहिक गायन किया गया तथा छग की अस्मिता और गौरव को दशार्ते हुए राज्य गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इसके बाद अतिथियों के स्वागत का क्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें सभी विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले, मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, जिला पंचायत के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि गरिमामयी उपस्थिति में रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम लिंगराज सिदार ने कहा कि यह दिन एमसीबी जिले के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शासन और जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से लगभग 301.32 लाख रूपए की लागत से बनने वाला यह जिला पंचायत भवन प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा विकास कार्यों को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल ने चैत नवरात्र के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए इस दिन को जिले के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जिला पंचायत के लिए एक भव्य भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी और आज उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह भवन प्रशासनिक कार्यों को सरल, पारदर्शी और ⏭ शेष पेज 4 पर



# सेजेस खरवत के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

■ सरगुजा ओलंपिक

**बैकुण्ठपुर।** सरगुजा ओलंपिक 2026 में कोरिया जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ गत दिवस मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंतरराष्टीय कुश्ती खिलाड़ी श्रीमती गीता फोगाट की उपस्थिति में किया। कोरिया जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन रहा है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खरवत के छात्रों ने वालीबॉल जूनियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमे विद्यालय की छात्र प्रतिभा राजवाड़े कक्षा 12 वीं, मोनिका राजवाड़े कक्षा नवमी की छात्र सम्मिलित रही है, जिन्हें भारत के पूर्व पेशवर खिलाड़ी बाईचिंग भूटिया के द्वारा सम्मानित किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और शिक्षको में हर्ष व्याप्त है। इस शानदार उपलब्धि से कोरिया जिले का नाम पूरे प्रतियोगिता में ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### केबिनेट मंत्री के प्रयास से 30.41 करोड़ रुपए की सड़क परियोजना को मिली स्वीकृति

**बिश्रामपुर**। क्षेत्रीय विधायक सह महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयास से भटगांव विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास को बड़ी सौगात मिली है,राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम वीरपुर से केवरा तक लगभग 18 किलोमीटर लंबाई का सड़क चौड़ीकरण एवं पुलिया निर्माण कार्य के लिए लगभग 30.41 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है,लोक निर्माण विभाग मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के अनुसार उक्त सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण, पुलिया निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, भूमि उपलब्धता, निविदा प्रक्रिया तथा समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि भटगांव विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस सड़क परियोजना से बीरपुर से केवरा तक आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजमार्ग से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। स्थानीय व्यापार, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। साथ ही क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

### हिरणों की मौत के मामले में कांग्रेस की जांच टीम गठित

**अंबिकापुर**। संजय वन वाटिका में एक साथ 15 हिरणों की मौत के मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जांच कमेटी का गठन किया है। पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में गठित इस 6 सदस्यों के जांच दल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं निगम में नेता प्रतिपक्ष शफ़ी अहमद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा एवं जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के महामंत्री हेमंत तिवारी और अनूप मेहता को शामिल किया गया है। संजय पार्क में आवारा कुत्तों के हमले से हिरणों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि विष्णुदेव सरकार जंगल के साथ ही साथ जंगली जीव जंतुओं की रक्षा में भी विफल रही है। उन्होंने कहा था कि बड़े अधिकारियों को जवाबदेही से बचाने के लिए छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश उपरांत जांच दल ने बैठक कर जांच के बिंदु निर्धारित कर लिए हैं। शीघ्र ही जांच दल मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मुलाकात कर अपनी जांच रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप देगी।

### पंडो जमीन कब्जा मामले में एसडीएम सुनवाई 7 अप्रैल को



**उदयपुर**। तहसील लखनपुर अंतर्गत ग्राम राजाकटेल में विशेष संरक्षित पंडो जनजाति की जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में 23 मार्च को एसडीएम न्यायालय उदयपुर में सुनवाई हुई। एसडीएम वन सिंह नेताम ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर प्रारंभिक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पाया गया कि भूमि आदिवासी पंडो जनजाति समुदाय की है और उस पर अवैध अतिक्रमण किया गया है। मामले की अगली सुनवाई अब 7 अप्रैल को निर्धारित की गई है। लगभग 2 माह पूर्व पंडो जनजाति के ग्रामीणों ने कलेक्टर, एसपी और आईजी को ज्ञापन देकर बिहार-झारखंड आदि राज्यों से आए मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा आदिवासी जमीन पर कब्जे की शिकायत की थी। कब्जा हटाने की मांग के बाद आरोपियों ने पंडो बच्चों को मारने की धमकी दी, जिस पर थाना में अलग शिकायत दर्ज कराई गई। यह मामला वर्तमान में एसडीएम न्यायालय में चल रहा है। पूरे क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है और आगे की कार्रवाई पर सभी की नजर बनी हुई है। पुलिस एवं प्रशासन आगे की जांच व कार्रवाई में जुटा हुआ है।

## जयश्री राम के जयकारे से गूंजा सरगुजा

# महासप्तमी पर श्री राम सेना ने निकाली शहर में भव्य शोभा यात्रा



शोभायात्रा में शामिल झांकी।



शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर सप्तमी के दिन शहर में श्री राम सेना द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। अनेकों झांकियों से सुसज्जित शोभा यात्रा शहर के गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू होकर देर शाम मां महामाया मंदिर पहुंची। इस दौरान शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और सरगुजा जय श्री राम के नाम से गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा के बाद महामाया मंदिर में महाआरती की गई और उसके बाद संजय सुरीला द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी गई।

**खास बात**

■ झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

बता दें कि चैत्र नवरात्र के मौके पर शहर सहित जिले का माहौल भक्तिमय हो गया है और जगह जगह विभिन्न आयोजन हो रहे है। ऐसे में चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर श्री राम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन सप्तमी के दिन किया गया। शोभा यात्रा को लेकर श्रीराम सेना द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। विगत एक सप्ताह से गांधी चौक से लेकर महामाया मंदिर तक सड़कों को सजाया जा रहा था। शहर की प्रमुख सड़क भगवामय हो गई। घड़ी चौक पर श्री राम सेना द्वारा विशेष साज सज्जा और लाइटिंग की गई जबकि मार्ग की सडक को केसरिया रंग से रंग दिया गया। बुधवार को शोभा यात्रा को लेकर सुबह से ही समाज के लोगों में ख़ासा उत्साह था। शहर सहित जिले भर से राम भक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच रहे थे। इस दौरान दिन भर चली तैयारी के बाद शाम लगभग चार बजे गांधी चौक से शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। वहीं भस्म होली को लेकर भी लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने धुमाल एवं ढोल का भी जमकर आनंद लिया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर जमकर थिरके।

**जगह जगह किया गया स्वागत**

शहर के गांधी चौक से शुरू हुई श्री राम सेना की शोभा यात्रा घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, महामाया रोड होते हुए मां महामाया मंदिर पहुंची। महामाया मंदिर में महा आरती, भजन कीर्तन और भंडारे के बाद शोभा यात्रा का समापन किया गया। वहीं कलाकार संजय सुरीला द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। शोभा यात्रा का शहर में समाज के लोगों ने स्वागत किया। शोभायात्रा ने दौरान लोगों ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की इसके साथ ही उन्हें पानी, जूस व अन्य खाद्य सामग्री प्रदान की। शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। रैली के दौरान सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे।

## भाजपा पार्षदों ने नपं इंजीनियर से किया दुर्व्यवहार, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर में भाजपा पार्षदों द्वारा इंजीनियर के साथ गाली गलौज कर बदतमीजी करने और धमकी देने का मामला सामने आया है,घटना से आहत होकर नपं के इंजीनियर गौरव अग्रवाल ने सीएमओ को आवेदन देकर लम्बे अवकाश पर चले गये हैं,जिससे निकाय के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। घटना एक हफ्ते पूर्व 18 मार्च की बताई जा रही है,आरोप है कि वार्ड क्रमांक 9 के भाजपा पार्षद अमरेश कुमार और वार्ड क्रमांक 15 के भाजपा पार्षद पिंटू यादव, नगर पंचायत कार्यालय में इंजीनियर से विकास कार्यों के लिए हुए टेंडर वितरण को लेकर नाराजगी जाहिर करने लगे, इस दौरान इंजीनियर द्वारा दोनों भाजपा पार्षदों को बातचीत के दौरान अनदेखा करने एवं जवाब नहीं देने से दोनों पार्षद आवेश में आ गये और इंजीनियर से कथित रूप से कार्यालय के भीतर गाली गलौच कर मारने की धमकी देने लगे,मामला गर्म होने पर नगर पंचायत कार्यालय में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया,घटना के बाद इंजीनियर ने बिश्रामपुर थाने में कार्यवाही हेतु लिखित शिकायत की है,लेकिन मामले में अब तक कोई कानूनी कार्यवाही नहीं हो पाई है। भाजपा पार्षदों द्वारा किये गये बदतमीजी की घटना से इंजीनियर गौरव अग्रवाल ने नपं सीएमओ को आवेदन देकर लम्बे समय का अवकाश ले लिया है और इस क्षेत्र में वापस नहीं आने की बात कही है,उनके अवकाश पर जाने से नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे करोड़ों रुपये के निर्माण एवं विकास कार्य प्रभावित हो गए हैं।प्राप्त जानकारी अनुसार करीब 1 करोड़ रुपये की राशि का विकास कार्यों के लिए आबंटन व टेंडर हूआ, लेकिन इसमें तथाकथित इंजीनियर द्वारा वार्ड क्रमांक 3, 15, और 9 के विकास कार्यों की अनदेखी की गई,वार्ड क्रमांक 15 के भाजपा पार्षद पिंटू यादव के अनुसार सम्बंधित वार्ड में विकास कार्यों के लिए करीब साढ़े 6 लाख रुपये के विकास कार्य टेंडर के माध्यम से होने थे, लेकिन जानबूझकर कोई कार्य आबंटन नहीं किया गया।

■ घटना से आहत अभियंता आवेदन देकर गए अवकाश पर

**भटगांव के इंजीनियर को किया गया अटैच**

घटना के बारे में पूछने पर नगर पंचायत सीएमओ सुशील तिवारी ने बताया कि इंजीनियर ने अवकाश पर जाने का कारण अपना स्वास्थ्य ख़राब होने को बताया है, जिस दिन उनके साथ दुर्व्यवहार हूआ उस दिन मैं अंबिकापुर के निजी अस्पताल में अपने बेटे के इलाज के इलाज के लिए गया हूआ था, घटना के सम्बन्ध में मैं भी सुना हूँ, देखा नहीं हूँ,नपं के निर्माण कार्य प्रभावित न हो इस कारण से जेडी को पत्र लिखकर दूसरे इंजीनियर की व्यवस्था करने की मांग की गई थी जिसके बाद आज बुधवार को भटगांव नपं के इंजीनियर को बिश्रामपुर में भी अटैच कर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## कुदरगढ़ महोत्सव एक उत्साह नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा जीवित विरासत है : मंत्री राजवाड़े



**सूरजपुर**। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कुदरगढ़ महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए कहा कि यह महोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि मां कुदरगढ़ की कृपा और हमारी संस्कृति, परंपरा एवं लोककला की जीवंत विरासत का उत्सव है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से सरगुजा अंचल की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान पूरे प्रदेश के सामने गर्व से उजागर हो रही है। लोक कलाकारों और युवा प्रतिभाओं की सराहना करते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि हमारी पारंपरिक कलाएं और देवी-देवताओं में हमारी अटूट आस्था ही हमारी असली पूंजी है। प्रतिस्पर्धाओं में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के साथ-साथ जिला स्तरीय वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के पहलवानों के दांव-पेंच और कसी हुई टक्कर दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस प्रतियोगिता को विशेष गरिमा इस बात से मिली कि नेपाल के थापा पहलवान भी कुदरगढ़ की मिट्टी में अपना जौहर दिखाने पहुंचे, जिससे आयोजन को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में वन विकास निगम एवं कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, जनप्रतिनिधि, नागरिक, कुदरगढ़ ट्रस्ट के सदस्य तथा जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर**। जयनगर निवासी अतलेश खाखा आ. स्व. बाबूलाल खाखा (41 वर्ष) 19 मार्च की शाम शराब के नशे में धुत्त होकर घर आया और दरवाजा बंद कर कीटनाशक पी लिया। परिजन ने किसी तरह दरवाजा खोल कर अतलेश को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# सिर में एक किलो सिस्ट से परेशान युवक को मिली राहत

**अम्बिकापुर**। सिर में हुए सूजन तथा सूजन के लगातार धीरे धीरे बढ़ने से युवक काफी परेशान था। हैरानी की बात यह है कि सिर में हुए छोटा सा सूजन बढ़कर 15 बाई 15 और एक किलो का हो गया इधर युवक की परेशानी को देख परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक का विभिन्न जांच कराने के पश्चात न सिर्फ ऑपरेशन किया बल्कि सूजन से जूझ रहे युवक के सिर से एक किलो का सिस्ट निकाल राहत दी। ऑपरेशन के बाद युवक की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

■ चिकित्सकों ने किया सफल ऑपरेशन

जानकारी के अनुसार सिर में धीरे-धीरे बढ़ती सूजन की शिकायत पर 24 वर्षीय युवक को 6/ मार्च को परिजन ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया। युवक के सिर में सूजन समय के साथ आकार में बढ़ रही थी तथा कॉस्मेटिक समस्या उत्पन्न कर रही थी। जिस पर चिकित्सकों ने युवक का आवश्यक जांच एवं परीक्षण के पश्चात इसे डर्मॉइड सिस्ट के रूप में निदान किया। अस्पताल में भर्ती के बाद मरीज का लगभग एक सप्ताह तक विस्तृत मूल्यांकन एवं ऑपरेशन पूर्व तैयारी की गई, जिसके पश्चात शल्य चिकित्सा की योजना बनाई गई। 11 मार्च को जनरल एनेस्थीसिया के अंतर्गत सर्जरी की गई। ऑपरेशन के दौरान लगभग 15 बाई 15 सेमी आकार के सिस्ट को जिसमें सेबेशियस एवं केराटिनस पदार्थ उपस्थित था जो सिर की त्वचा एवं प्रमुख रक्त वाहिकाओं से चिपका हुआ था, अत्यंत सावधानीपूर्वक उसके कैप्सूल सहित पूर्णतः निकाला गया। ऑपरेशन में सर्जिकल विभाग के डॉ. पीआर शिवहरे, डॉ. अभिजीत एस दीवान, डॉ. शुभम बंसल, डॉ. अनीश पाण्डेय, डॉ.श्वेता कलवानी के अलावा एनेस्थीसिया टीम के डॉ. राकेश निगम, डॉ. दिव्यानंद मिश्रा, डॉ. हर्षा एवं डॉ. अभिजीत त्रिपाठी सक्रिय रहे।ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति सामान्य होने पर 17 मार्च को छुट्टी दे दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि सर्जरी अत्यंत सावधानीपूर्वक की गई, जिसमें सिस्ट को उसके कैप्सूल सहित पूर्णतः निकाला गया, जिससे पुनरावृत्ति की संभावना न्यूनतम रहती है। बड़े आकार एवं प्रमुख रक्त वाहिकाओं से चिपके होने के बावजूद ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



ऑपरेशन के पूर्व।



ऑपरेशन के पश्चात।

डर्मॉइड सिस्ट के संबंध में चिकित्सकों ने बताया कि डर्मॉइड सिस्ट एक जन्मजात सौम्य विकार है, जो भ्रूणीय विकास के दौरान त्वचा के तत्वों के फंस जाने से बनता है। इसमें प्रायः बाल, सेबेशियस ग्रंथियां एवं केराटिनस पदार्थ पाए जाते हैं। यह सिर एवं गर्दन के ट्यूमर का एक छोटा हिस्सा होता है, तथा बड़े आकार के मामलों का पाया जाना दुर्लभ है। यह अधिकतर सिर एवं गर्दन क्षेत्र में पाया जाता है। यदि सिस्ट को कैप्सूल सहित पूर्णतः निकाला जाए तो पुनरावृत्ति की संभावना अत्यंत कम होती है, जबकि अधूरा निष्कासन होने पर यह बढ़ सकती है। डर्मॉइड सिस्ट सामान्यतः छोटे होते हैं और समय पर पहचान में आ जाते हैं, लेकिन उपेक्षा के कारण ये बड़े आकार तक पहुंच सकते हैं। ऐसे मामलों में पूर्ण शल्य चिकित्सा ही सर्वोत्तम उपचार है।

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मासिक बैठक हेतु मिला अस्थाई भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना



स्व सहायता समूह इंदिरा गांधी महिला क्लस्टर संगठन सलका जनपद पंचायत भैयाथान के महिलाओं को अपनी मासिक बैठक के लिए भवन नहीं रहने से बहुत परेशान रहती थी। समूह की महिलाएं कभी पेड़ के नीचे तो कभी किसी के घर में बैठक करने को विवश थे।

क्लस्टर सलका के अंतर्गत 18 पंचायत की महिलाएं सीएलएफ में उपस्थित होते हैं, इससे उनकी गतिविधियों पर असर पड़ रहा था और उन्हें अपने विचार साझा करने में भी परेशानी होती थी। अपनी समस्याओं से महिलाओं ने जनपद सीईओ विनय गुप्ता, भाजपा नेता उमेश अग्रवाल, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष गिरिश कुमार, जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह, सरपंच सलका शिव कुमार, सरपंच अधिना अमोद मिंज, उप सरपंच अनुराग सिंह, फिरोज खान, शशांक गुप्ता, राजेश गुप्ता को अवगत कराया। सभी ने महिलाओं की बैठक समस्या को गंभीरता से लेते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका अधिना के प्राचार्य मोतीलाल राजवाड़े से चर्चा कर विद्यालय के खाली पड़े अतिरिक्त कक्ष को महिलाओं को अस्थाई रूप से उपलब्ध कराने को कहा। प्राचार्य मोतीलाल राजवाड़े ने स्व सहायता समूह के महिलाओं से चर्चा की और महिलाओं तत्काल अतिरिक्त कक्ष भवन का चाभी महिलाओं को सौप दिया। महिलाओं को अस्थाई रूप से भवन मिलने से महिलाएं अपने विचार साझा करने अनुभव को बांटने और समूह की गतिविधियों को योजना बनाने में मदद मिलेगा। आज के स्व सहायता समूह के बैठक में फुलवति एक्का, रेशमा परवीन, काजल, शोभा,आशा, अनिशा, योगेश्वरी, कौशल्या, फुलमति, चन्द्रमणि, बसंती, अनिता, प्रभा, सूरजकुमारी, अनिता, गायत्री, सोनिया, रुपवती, सुखमनिया, ईशु मिला सहित अन्य महीलाएं उपस्थित थी।

### जंगल में महुआ बीनने गए ग्रामीण पर भालू ने किया हमला

**राजपुर**। जंगल में महुआ चुनने गए ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम सेवारी कोरवापारा निवासी 60 वर्षीय कहरू आ. जगना कोरवा 25 मार्च की सुबह सेवारी बीट के कक्ष क्रमांक पी- 2812 में अकेले ही महुआ चुनने गया हुआ था। इस दौरान जंगल में छिपे भालू ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। हमले के कारण ग्रामीण गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। इस दौरान पीछे से महुआ चुनने पहुंचे ग्रामीण के पुत्र वीनू ने पिता को घायल हालत में देखकर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल कहरू कोरवा को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।





## व्यस्त मार्ग पर निर्माण से बढ़ी चिंता चौक बन सकता है हादसों का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत में इन दिनों एक ऐसा निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसने लोगों के बीच गहरी चिंता पैदा कर दी है। वार्ड क्रमांक 7 में एसडीएम बंगले के समीप मंडी और नर्सरी रोड से लगे प्रतापपुर–अंबिकापुर मुख्य मार्ग किनारे अंबेडकर चौक का निर्माण किया जा रहा है। पहली नजर में यह विकास का प्रतीक दिखाई देता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

नगर के जिस स्थान पर चौक बनाया जा रहा है, वह पहले से ही नगर का सबसे व्यस्त मार्ग है। इसी रास्ते से सिविल कोर्ट, नर्सरी, एकलव्य आवासीय विद्यालय सहित कई महत्वपूर्ण शासकीय और निजी कार्यालयों तक लोगों का आवागमन होता है। दिनभर यहां दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लगातार आवाजाही बनी रहती है। विशेष कर सुबह और दोपहर के समय स्कूली बच्चों और अभिभावकों की भारी भीड़ इस मार्ग को और भी संवेदनशील बना देती है। ऐसे में सड़क किनारे स्थायी निर्माण कार्य से रास्ता और अधिक संकरा हो जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले ही यह सड़क जाम और अव्यवस्था से जूझ रही है। अब यदि इस तरह का निर्माण बिना पर्याप्त योजना के किया गया, तो आने वाले समय में यह मार्ग लोगों के लिए खतरे का कारण बन सकता है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत ने इस निर्माण से पहले किसी प्रकार का ट्रैफिक सर्वे, सुरक्षा मूल्यांकन या तकनीकी सलाह नहीं ली है और निर्माण केवल औपचारिकता और दिखावे के लिए किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि निर्माण शुरू होने से पहले न तो कोई सार्वजनिक सूचना दी गई और न ही संभावित प्रभावों पर चर्चा की गई। अब जब काम तेजी से आगे बढ़ रहा है, तब लोगों को इसके दुष्परिणाम समझ में आ रहे हैं। किसी भी व्यस्त मार्ग पर इस प्रकार के स्थायी ढांचे का निर्माण करते समय सड़क की चौड़ाई, ट्रैफिक घनत्व और पैदल यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक होता है। यदि इन पहलुओं की अनदेखी की जाती है, तो बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ यूसीफ्रिया एक्का बताया कि मौके पर जाकर देखती हू।

### कुशवाहा समाज ने मनाई सम्राट अशोक की जयंती

**रामानुजगंज**। नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय परिसर में बुधवार को युवा कुशवाहा संगठन शक्ति के तत्वाधान में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की 2330 वीं जयंती ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोती कुशवाहा, हरिवंश कुशवाहा, राजेश्वर मेहता, रामानुजगंज ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विजय कुशवाहा, लेखापाल सूर्य प्रताप कुशवाहा सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर राजेश्वर मेहता ने समाज में भाईचारा बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि आपसी एकता और सद्भाव से ही समाज मजबूत होता है। वहीं हरिवंश कुशवाहा ने सम्राट अशोक के जीवन और उनके विशाल साम्राज्य की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अखंड भारत की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई देशों तक अपना प्रभाव स्थापित किया। बीईओ विजय कुशवाहा ने कहा कि हम सभी सम्राट अशोक के वंशज हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता एवं समरसता कायम कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष आकर्षण 3 वर्षीय बालिका एंजल कुशवाहा रही, जिसने राष्ट्रगान, राज्यगीत एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उसकी प्रतिभा से प्रभावित होकर मुख्य अतिथियों ने उसे पुरस्कार एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। जयंती के उपलक्ष्य में युवा कुशवाहा संगठन शक्ति द्वारा रामानुजगंज के 100 बिस्तर अस्पताल में मरीजों, उनके परिजनों एवं स्टाफ को फल वितरण किया गया तथा सम्राट अशोक के जीवन एवं योगदान की जानकारी भी साझा की गई।



# हवन पूजन के साथ पूरा हुआ चैती छठ पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर में आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ का समापन आज प्रातः उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ विधिवत सम्पन्न हुआ। चार दिनों तक चले इस पावन पर्व के दौरान नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां व्रती महिलाओं और पुरुषों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान सूर्य की उपासना की।

■ कनहर नदी तट में व्रतियों ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

रामानुजगंज में कई दशकों से छठ पर्व की विशेष धूम-धाम देखने को मिलती रही है। यहां की छठ पूजा न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा झारखंड से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच भक्ति गीत, दीपों की रोशनी और पारंपरिक अनुष्ठानों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि भी छठ घाटों पर पहुंचे और माथा टेककर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवरात्रि षष्ठी की संध्या पर राम मंदिर में भव्य महा आरती का आयोजन किया गया।, जिसका नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं रामनवमी आयोजन समिति के प्रमुख रमन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और भक्ति भाव से प्रभु श्री राम एवं मां दुर्गा की आराधना की।



वहीं महा सप्तमी के दिन पहाड़ी स्थित मंदिर एवं महामाया मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। पुराने सीआरपीएफ कैंप परिसर में स्थित मां दुर्गा मंदिर में भी विशेष आयोजन किए गए। यहां कन्या पूजन का कार्यक्रम बड़े श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की गई। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में महा आरती का आयोजन भी हुआ, जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# 'तेरे इश्क में' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर कल



**मुंबई।** फिल्म 'तेरे इश्क में' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर 27 मार्च को रात 8 बजे सोनी मैक्स पर किया जाएगा। यह 2026 की सबसे ज़्यादा इंतज़ार की जाने वाली फ़िल्मों में से एक है। कल्ट क्लासिक फ़िल्म 'रांझणा' के भारतीय सिनेमा में रोमांटिक ड्रामा के अंदाज़ को बदलने के 12 साल बाद, नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता धनुष और कहानी कहने के माहिर आनंद एल. राय की मशहूर जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को वाराणसी के रहस्यमयी घाटों और तंग गलियों में वापस ले जाने के लिए साथ आई है। निर्देशक ने बताया कि यह फ़िल्म प्यार के एक गहरे और तीव्र रूप को दिखाती है और कई मायनों में, प्यार पर यह मेरी अब तक की सबसे परिपक्व सोच है।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## सनोज ने गलत तरह से छुआ




कुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपनी फैमिली और फिल्ममेकर सनोज मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मोनालिसा भोसले बीते दिनों मुस्लिम एक्टर फरमान से शादी करके चर्चा में आई थीं। अब मोनालिसा ने मीडिया के सामने बयान दिया है कि उनके घरवालों को सिर्फ पैसे से मतलब है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सनोज मिश्रा पर आरोप लगाया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बहाने उन्हें दस बार गलत तरीके से छुआ। मोनालिसा का वीडियो वायरल है जिसमें वह बोल रही हैं कि घरवाले दिखावा कर रहे हैं। मोनालिसा बोलती हैं, 'दिखा रहे हैं ना कि देखो हम ये कर रहे हैं, हम मर रहे हैं, सुसाइड कर रहे हैं, ये सब दिखावा है। सब झूठ है। उनको सिर्फ और सिर्फ पैसे चाहिए, बच्चों से कुछ मतलब नहीं है। मेरी फैमिली जो बोल रही है ना... तब मेरी मम्मी कहां गई थी? बचपन से मैंने मां का प्यार नहीं देखा। जब किसी बच्चे को मां के साथ देखती थी ना तो रोती थी कि भगवान आज अगर मेरी मां मेरे साथ रहती तो मैं क्या कुछ नहीं करती। लेकिन मां तो ड्रिंक करना, पापा को तो दूसरी औरतों के साथ रहना। मेरे तीनों भाई-बहनों को सिर्फ और सिर्फ मैंने पाला है और कैसे पाला है, मैं ही जानती हूं।' मोनालिसा ने सनोज मिश्रा पर भड़ास निकाली। बोलीं, 'वो जो सनोज मिश्रा है ना, वो तो मेरी फैमिली को डरा रहा है, धमका रहा है कि नहीं मेरी फिल्म दस करोड़ की है, लेकिन सनोज मिश्रा की मूवी तीन लाख रुपए की भी नहीं है। सनोज मिश्रा पूरे-पूरे दिन मुझे सोने नहीं देता और चुपके से एक सीन निकालता है।

हॉलीवुड मसाला

## द पनिशर... की रिलीज डेट जारी





**लॉस एंजिल्स।** मार्वल टेलीविजन की खास पेशकश 'द पनिशरः वन लास्ट किल' की हाल ही में रिलीज डेट की घोषणा की गई है। इस सीरीज में फ्रैंक कैसल अपनी भूमिका में वापसी करेंगे। मावर्ल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी आगामी सीरीज 'द पनिशर वन लास्ट किल' का एक पोस्टर शेयर किया। जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में इसकी रिलीज डेट की घोषणा करते हुए लिखा कि इस सीरीज में फ्रैंक कैसल की वापसी होगी। इसके साथ ही उन्होंने लिखा की मार्वल टेलीविजन स्पेशल प्रेजेंटेशन 'द पनिशरः वन लास्ट किल' 2 मई को केवल डिज्नी प्लस पर स्ट्रीम होगी।




## किताबों पर आधारित है हैरी पॉटर टीवी सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज की पहली तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस तस्वीर में युवा हैरी (डोमिनिक मैकलॉघलिन) को पीछे से दिखाया गया है। वह हैरी पॉटर के कॉस्ट्यूम में हैं। वह बर्फीली जमीन पर चल रहे हैं। उन्होंने एक लंबा चोगा पहना हुआ है। इस पोस्ट में बताया गया है कि इस सीरीज का पहला टीजर ट्रेलर बुधवार को रिलीज किया जाएगा। 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज में, जेके रोलिंग के सात उपन्यासों को नए सिरे से पेश किया जाएगा। इन उपन्यासों की दुनिया भर में 600 मिलियन से ज्यादा प्रतियां बिक चुकी हैं। इन पर बनी आठ फिल्मों ने अच्छी खासी कमाई की है। टीवी सीरीज के हर सीजन में इन सात किताबों में से एक को शामिल किया जाएगा। अनुभवी निर्देशक मार्क माइलॉड इस सीरीज के कई एपिसोड का निर्देशन करेंगे।



## करना चाहती हैं एक्शन कॉमेडी फिल्में

**मुंबई।** अभिनेत्री शालिनी पांडे ने अपने कॅरियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्मों और सीरीज में काम किया है। अब अभिनेत्री की इच्छा एक्शन फिल्म में काम करने की है। 'धुरंधर' को अपनी मौजूदा पसंदीदा फिल्म बताते हुए शालिनी ने इन दो कलाकारों को अपना फेवरेट बताया और काम करने की इच्छा जताई। एक्ट्रेस ने अपनी महत्वाकांक्षाओं को लेकर भी बात की। शालिनी पांडे ने कहा कि मैं इतनी महत्वाकांक्षी हूं कि मुझे लगता है कि मैं बहुत कुछ करना चाहती हूं। मैंने जीवन भर खेल खेले हैं और मुझे खेल बहुत पसंद हैं, इसलिए मुझे लगता है कि मैं एक एक्शन फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे एक्शन पसंद है। मुझे इसका रोमांच बहुत अच्छा लगता है। इसलिए एक्शन ही वह चीज है जो मैं करना चाहती हूं।



## भूत बंगला को सेंसर बोर्ड से मिली मंजूरी

**मुंबई।** अक्षय कुमार आगामी फिल्म 'भूत बंगला' के साथ एक बार फिर कॉमेडी जॉनर में वापसी करने को तैयार हैं। इस फिल्म के जरिए अक्षय और प्रियदर्शन की एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी लगभग 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापस आ रही है। अब अक्षय की इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिल गई है और यूए सर्टिफिकेट मिला है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म को फैंटेसी और हल्के सुपरनेचुरल एलिमेंट्स के साथ मिलाकर बनाया गया है। 'भूत बंगला' में डरावने सीन के बजाय सिचुएशनल कॉमेडी पर अधिक ध्यान दिया गया है। यूए 16 रेटिंग के साथ यह फिल्म कॉमेडी और हॉरर का डबल डोज देने वाली फुल एंटरटेनर फिल्म के तौर पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। भूत बंगला इस साल गर्मियों में आने वाली मच अवेटेड फिल्मों में से एक है।

टीवी मसाला




## नीना- संजय की दमदार थ्रिलर वध 2 ओटीटी पर होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की थ्रिलर फिल्म 'वध 2' अब ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसकी रिलीज डेट आ गई है। अब इस फिल्म को घर बैठे 3 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। यह साल 2022 में आई फिल्म का सीक्वल है, जिसे दर्शकों से खूब अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। वहीं, सीक्वल में प्यार और मोहब्बत के साथ बदले और अपराध की कहानी है, और इसे भी काफी पसंद किया गया था। फिल्म 'वध 2' की कहानी साल 1994 से शुरू होती है, जब मंजू देवी को डबल मर्डर के आरोप में 28 साल की सजा सुनाई जाती है। फिर कहानी 28 साल आगे बढ़ती है। दिखाया जाता है कि मंजू देवी जेल में बंद है। और वहीं पर गार्ड शंभूनाथ मिश्रा (संजय मिश्रा) है, जो मंजू से बहुत प्यार करता है। मंजू या जेल की किसी भी महिला कैदी को किसी भी चीज की जरूरत होती है, तो वह शंभूनाथ को फोन करती है, और वह उन्हें वह चीज पहुंचा देता है। जेल में एक बड़े नेता का भाई केशव भी कैदी है, पर वहां उसका राज चलता है और वह सभी कैदियों के साथ मारपीट करता है। एक दिन केशव की नजर एक महिला कैदी पर पड़ती हैं और नीयत खराब हो जाती है। फिर अचानक केशव गायब हो जाता है। केशव के साथ क्या होता है और वह कहां गया, 'वध 2' की कहानी इसी के इर्द-गिर्द घूमती है और ट्विस्ट भरी है। 'वध 2' को जसपाल सिंह संधू ने डायरेक्ट किया है और वही इसके राइटर भी हैं। फिल्म के बजट और कमाई की बात करें, तो रिपोट्र्स के मुताबिक, इसे 10 करोड़ में बनाया गया था और इसने 3.77-3.83 करोड़ रुपये ही कमाए थे।

### नई वेब सीरीज 'मां का सम'

**नई दिल्ली।** मोना सिंह और मिहिर आहूजा वेब सीरीज 'मां का सम' में एक साथ नजर आने वाले हैं। मोना और मिहिर के अलावा इस सीरीज में अंगिरा धर और रणवीर बराड़ भी अहम किरदार में नजर आएंगे।



'मां का सम' एक नई वेब सीरीज है। जिसका निर्देशन निकोलस खारकोंगोर ने किया है। इस सीरीज में मोना सिंह के साथ मुख्य भूमिका में मिहिर आहूजा नजर आएंगे। यह सीरीज 3 अप्रैल 2026 को प्राइम वीडिय रिलीज हो रही है। इस सीरीज की कहानी अगस्त्य नाम के एक होनहार टीनएज लड़के की है, जिसे मिहिर आहूजा ने निभाया है। अगस्त्य बहुत अच्छा मैथ्स का स्टूडेंट है। वह पूरी दुनिया को नंबर्स, ग्राफ और लॉजिक के नजरिए से देखता है। उसकी सिंगल मां विनीता का रोल मोना सिंह ने निभाया है।

## मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाना चाहते हैं इमरान...

**मुंबई।** अनिल कपूर स्टाररर मिस्टर इंडिया अपनी रिलीज के 29 साल बाद भी दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है। फिल्म को हर पीढ़ी के दर्शक काफी पसंद करते हैं। कई बार फिल्म का सीक्वल बनाने की भी चर्चाएं उठीं। अब अभिनेता इमरान खान ने मिस्टर इंडिया का रीमेक बनाने की इच्छा जताई है। हाल ही में इमरान खान ने फैंस के अलग-अलग सवालों के जवाब दिए। इसी दौरान एक प्रशंसक ने इमरान खान से पूछा, 'अगर आपको कभी दुनिया के किसी भी इंडस्ट्री के किसी भी पॉपुलर किरदार (सुपरहीरो सहित) को अपने नजरिए से फिर से लिखने का मौका मिले, तो आप किसे चुनेंगे?' इसके जवाब इमरान ने कहा कि यह सुनने में थोड़ा अजीब लगेगा, लेकिन कई साल से मेरा सपना रहा है कि मैं मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाऊं। मैं इस फिल्म का बहुत बड़ा फैन रहा हूं।



क्योंकि, यह एक फिक्शनल कॉमिक बुक फिल्म को यथार्थवादी और इमोशनल रूप से मजबूत बनाने का एक बेहतरीन उदाहरण है। यह शानदार है। अनिल कपूर आज भी उतने ही अच्छे दिखते हैं जितने तब दिखते थे। इमरान ने कहा कि मेरे लिए इस किरदार की खूबसूरती उसकी ईमानदारी और आदर्शवाद में ही है। मुझे सच में लगता है कि मूल फिल्म में अनिल कपूर का जो आकर्षण और मासूमियत थी, उसे रीमेक में आप बखूबी निभा सकते हैं। मुझे जरूर बताएं कि मैं इसके लिए कहां साइन अप कर सकता हूं।

## 36 साल पुराना गीत बना था टूटे दिल की आवाज आशिकों का दर्द बयां करता है सैड सॉन्ग

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के लिए 90 का दशक गोल्डन एरा रहा था। इस दौर में कई कल्ट फिल्में और उनके गाने आए थे, जिन्हें आज भी श्रोता सुनना पसंद करते हैं। खासतौर पर 90s के सैड सॉन्ग का बोलबाला अब भी देखने को मिलता है। इस आधार पर आज हम आपको 36 साल पुराने एक लोकप्रिय गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 2026 में भी आशिकों के टूटे दिलों की आवाज बना हुआ है। इस गीत को गायक कुमार सानू ने अपनी दर्दभरी आवाज में गाया था। आइए जानते हैं कि वह सॉन्ग कौन सा है।

### कुमार सानू का दर्दभरा गीत

जिस गाने के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, वह साल 1990 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म आशिकी से नाता रखता है। यूं तो निर्देशक महेश भट्ट की इस मूवी के सारे गाने कल्ट और क्लासिक माने जाते हैं, लेकिन सिंगर कुमार सानू की आवाज में गाया गया गीत अब तेरे बिन जी लेंगे हम... आज भी आशिकों की पहली पसंद माना जाता है। 5 मिनट 39 सेकेंड का अब तेरे बिन जी लेंगे हम गाना सुनकर आपको भी अपने प्यार की याद आ जाएगी। सॉन्ग के एक-एक अंतरा आपके दिल को चीर के रख देगा और अगर आपका भी कभी दिल टूटा है तो आशिकी का ये गीत आपके आंखें भी नम कर देगा। इस गाने को अभिनेता राहुल रॉय पर फिल्माया गया है।




### गीतकार समीर की कलम से निकले थे गाने

गौर किया जाए आशिकी के इस कल्ट गीत की मेकिंग की तरफ तो अब तेरे बिन जी लेंगे हम के संगीतकार की जिम्मेदारी सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने उठाई थी, जो उस वक्त एक बड़ी म्यूजिक प्रोड्यूस कंपनी थी। इसके अलावा इस गाने के बोल मशहूर गीतकार समीर की कलम से निकले थे। इस तरह से आशिकी का ये कालजयी सैड सॉन्ग बनकर तैयार हुआ था।

शम्मी कपूर की फिल्म से रखता है नाता

# मोहम्मद रफी के गाने को लता मंगेशकर ने कर दिया था अमर

*__नई दिल्ली।__ लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी हिंदी सिनेमा के दो सबसे उम्दा गायकों में शुमार थे। यूं तो इन जोड़ी ने मिलकर एक से बढ़कर सदाबहार गीत को गाया था। लेकिन, एक गाना ऐसा भी रहा, जिसे पहले रफी साहब ने अपनी आवाज में गाकर सुपरहिट कराया। बाद में उसी सॉन्ग लता दीदी ने अपनी रूहानी आवाज में गाकर गाने को कालजयी कर दिया था। ये सॉन्ग अभिनेता शम्मी कपूर की मूवी से नाता रखता है।*



### लता दीदी ने गाया था रफी साहब का गाना

गायक मोहम्मद रफी के जिस गीत के बारे में इस लेख में बात की जा रही है कि वह शम्मी कपूर और शायरा बानो स्टारर फिल्म जंगली से ताल्लुक रखता है। 1961 में इस गाने को पहली बार रफी साहब ने अपनी मधुर आवाज में गाया था और सैड सॉन्ग के आधार पर 35 साल बाद भी इस गीत को श्रोता सुनना पसंद करते हैं, गाने के बोल हैं- एहसान तेरा होगा मुझ पर...। इसी गाने को सालों बाद गायिका लता मंगेशकर ने एक म्यूजिट इवेंट के दौरान



अपनी आवाज में गाया था। फेसबुक के पेज पर मौजूद इस वीडियो में आप एहसान तेरा होगा मुझ पर को लता दीदी के वर्जन सुन सकते हैं। जिस तरह से मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से इस गीत में जान फूंकी, ठीक उसी तरह से सुरो की कोकिला ने भी अपनी आवाज से इस सॉन्ग का मजा दोगुना कर दिया। कुल मिलाकर कहा जाए तो रफी साहब के साथ-साथ लता मंगेशकर की आवाज में जंगली मूवी का ये सैड सॉन्ग आज भी अमर है और श्रोता दोनों ही वर्जन को सुनना पसंद करते हैं। लता की आवाज में भी ये सॉन्ग सुपरहिट माना जाता है।

### लता मंगेशकर ने गाए इतने गाने

हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ की गायिकाओं में शुमार थीं। उन्होंने अपने सुनहरे सिंगिंग कॅरियर में 20 से अधिक भारतीय भाषाओं में 30 हजार से ज्यादा गीतों को गाया था। एहसान तेरा होगा मुझ पर उनमें से एक शानदार गीत है।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को कराटे प्रशिक्षण



**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए शासकीय हाईस्कूल भालूमाड़ा में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय में कक्षा 6 से 10 तक की छात्राएं नियमित रूप से कराटे सीख रही हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक सृष्टि गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं में काफी उत्साह और लगन देखने को मिल रही है। छात्राएं पूरे मनोयोग से आत्मरक्षा के विभिन्न दांव-पेंच सीख रही हैं। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि वर्तमान समय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 57 आवेदन की सुनी सुनवाई

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 57 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

### श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम सरभोका में स्व. पन्नालाल राजवाड़े की स्मृति में चंदनपान एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके पुत्र बिरेन्द्र कुमार राजवाड़े एवं कामता प्रसाद राजवाड़े के निवास पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजन ने स्व. पन्नालाल राजवाड़े के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हुए परिजन को फलदार एवं छायादार पौधे, जैसे लीची एवं आम के पौधे भेंट किए गए। इस श्रद्धांजलि सभा में रजवार समाज के अध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, जिला सलाहकार मेहीलाल राजवाड़े, जिला सचिव अवधेश प्रताप राजवाड़े, जिला संचालक एवं प्रवक्ता ईश्वर प्रसाद राजवाड़े, जिला निरीक्षक राम कुमार राजवाड़े ,श्याम लाल राजवाड़े, पटना क्षेत्र अध्यक्ष कृपाल राम राजवाड़े, कोषाध्यक्ष राम नारायण राजवाड़े, सोनहत क्षेत्र अध्यक्ष हेमंत कुमार राजवाड़े, सचिव प्रकाश राजवाड़े, क्षेत्रीय सलाहकार कृष्ण कुमार राजवाड़े, भवन कुमार राजवाड़े तथा बैकुंठपुर क्षेत्र से छत्रपाल राजवाड़े सहित समाज के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## एसईसीएल और पुलिस पर लगाया मिलीभगत का आरोप

# रात के अंधेरे में चला बुलडोजर, लोगों में आक्रोश, किया एसडीएम कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र में दे रात अवैध रूप से मकान तोड़े जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जगन्नाथपुर क्षेत्र में 25 मार्च की मध्य रात्रि एसईसीएल और पुलिस की कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्व. माखन मिंज के परिवार जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू मिंज भी शामिल हैं उनके मकान को बिना किसी पूर्व सूचना के देर रात पुलिस बल की मौजूदगी में मशीनों से तोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि उस समय परिवार के लोग घर के भीतर सो रहे थे और अचानक चारों ओर से पुलिस ने घर को घेर लिया, जिसके बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी गई। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का कहना है कि इस कार्रवाई के दौरान घर में रखे कीमती सामान, नकदी, जेवर, जरूरी दस्तावेज और यहां तक कि मवेशियों का भी कोई पता नहीं चला है। ग्रामीणों ने एसईसीएल और पुलिस पर मिलीभगत कर पूरे सामान को गायब करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार सहित मदन नगर, कनक नगर, सिलफिली, गुदरूदर और बोझ सहित अन्य लोग आक्रोशित हो गए और एसडीएम कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय और उग्र हो गई जब एसडीएम कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी मौजूद नहीं थे। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन देने से इनकार कर दिया और अंततः एसडीएम कार्यालय के बाबू को ही ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि जानबूझकर जिम्मेदार अधिकारी मौके से अनुपस्थित रहे, जिससे लोगों का आक्रोश और बढ़ गया।



एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते पीड़ित परिवार व ग्रामीण।

### ग्रामीणों ने दी चक्का जाम की चेतावनी

ग्रामीणों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो 26 मार्च को जगन्नाथपुर खदान के मुख्य द्वार के सामने चक्का जाम किया जाएगा। साथ ही कोयला परिवहन और उत्पादन को अनिश्चितकाल के लिए रोका जाएगा। इस दौरान विद्या सिंह, नवीन जायसवाल, संजू श्रीवास्तव, सुरेश आयाम, त्रिभुवन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

इस दौरान पूर्व जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नेताओं ने प्रशासन और एसईसीसीएल पर जमकर हमला बोला। पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि आदिवासी परिवारों पर जबरन दबाव बनाकर उनकी जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि रात के समय इस तरह की कार्रवाई पूरी तरह असंवैधानिक है और यह सीधे-सीधे गरीबों पर अत्याचार है। वहीं पूर्व मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आखिर किसके आदेश पर देर रात के अंधेरे में मकानों को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि कानून भी रात में इस तरह की कार्रवाई की अनुमति नहीं देता, फिर भी पुलिस और एसईसीसीएल ने मिलकर मनमानी की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर एसईसीएल का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। एसडीएम कार्यालय का घेराव करने तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे ताकि स्थिति नियंत्रण में बनी रहे।

# द न्यू डीपीएस में वार्षिक परिणाम पत्र वितरित

**बैकुण्ठपुर।** द न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल बैकुंठपुर में गुरूवार को वार्षिक परिणाम पत्र वितरण एवं शिक्षक-अभिभावक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए वार्षिक रिपोर्ट कार्ड प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ वर्षभर आयोजित सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया, इससे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन हुआ और अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार द न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल बैकुंठपुर को वर्तमान में कक्षा नर्सरी से कक्षा 10 वीं तक के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह विद्यालय कोरिया जिले का दूसरा निजी सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय है, जो क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में उभर रहा है। विद्यालय के




प्राचार्य ने बताया कि संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, इसके अंतर्गत संगीत, गायन, नृत्य, स्केटिंग तथा आत्मरक्षा (मार्शल आर्ट्स) जैसी गतिविधियों के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा का समुचित विकास हो सके। विद्यालय में आधुनिक स्मार्ट क्लास के माध्यम से राजस्थान के कोटा शहर से ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, इसके जरिए विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में ही रहकर नीट, जेईई, नवोदय एवं सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ एक बार फिर अपनी उपलब्धियों से गौरवान्वित हुआ है। विद्यालय के दो मेधावी विद्यार्थियों अक्षरा सिन्हा एवं रचित गुप्ता ने योजना के अंतर्गत आयोजित नवाचार प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विमेन सेफ्टी डिवाइसेस एवं आरसी बोट द्वारा जल सफाई विषय पर कार्य कर 10,000-10,000 की प्रोत्साहन राशि प्राप्त की।

यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, मेहनत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। यह योजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित की जाती है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को बढ़ावा देना और उनके विचारों को वास्तविक रूप देना है। अक्षरा सिन्हा द्वारा प्रस्तुत विमेन सेफ्टी डिवाइसेस प्रोजेक्ट महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जो समाज के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकता है। वहीं रचित गुप्ता ने आरसी बोट



फॉर क्लीनिंग वाटर के माध्यम से जल स्त्रोतों की सफाई के लिए एक अभिनव समाधान प्रस्तुत किया। दोनों परियोजनाएं समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये विद्यार्थी भविष्य में देश के उत्कृष्ट वैज्ञानिक और नवप्रवर्तक बनकर राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। सहपाठियों ने भी अपने मित्रों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे प्रेरणा का स्त्रोत बताया।

# कोरिया में गूंजा टीबी मुक्त भारत का संदेश

## विश्व क्षय दिवस पर चरचा रीजनल अस्पताल में कार्यक्रम, मरीजों और डॉक्टरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा रीजनल अस्पताल में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में न केवल टीबी उन्मूलन के संकल्प को मजबूत किया, बल्कि समाज में जागरूकता की नई मिसाल भी पेश की। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय चिकित्साधिकारी डॉ.एस मिंज के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। टीबी से पूरी तरह स्वस्थ हो चुके मरीजों को ह्रटीबी चैंपियन के रूप में सम्मानित किया गया। इन मरीजों को प्रमाण पत्र और शॉल भेंट कर उनकी हौसला अफजाई की गई।



आयोजकों ने बताया कि ये मरीज अन्य लोगों के लिए प्रेरणा बनकर टीबी के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर चरचा, कटकोना, पण्डोपारा तथा झिलमिली के स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.श्रीमती एस मिंज को टीबी चैंपियन डॉक्टर पुरस्कार से नवाजा गया, जिससे स्वास्थ्य कर्मियों का उत्साह और बढ़ा। कार्यक्रम के दौरान 200 से अधिक उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, जांच और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर जांच और नियमित उपचार से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी लक्षण को नजर अंदाज न करें और तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। इस आयोजन में अस्पताल के डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और काफी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने मिलकर टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प लिया। टीबी जागरूकता सप्ताह में हुए विविध आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि 18 से 24 मार्च तक टीबी जागरूकता सप्ताह के तहत क्षेत्र में रैली, स्वास्थ्य शिविर और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया और समय पर उपचार के लिए प्रेरित किया गया। इस सफल आयोजन ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से ही टीबी जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि टीबी जैसी संक्रामक बीमारी आज भी समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, लेकिन सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से इसके उन्मूलन की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। टीबी हारेगा, देश जीतेगा के संकल्प के साथ लोगों को नियमित जांच और पूरा इलाज कराने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि टीबी मरीजों को शासन द्वारा निःशुल्क जांच और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही उपचार के दौरान मरीजों को पोषण सहायता भी दी जाती है, जिससे वे जल्दी स्वस्थ हो सकें।

### सरगुजा ओलम्पिक में भैयाथान का दबदबा

**भैयाथान।** अंबिकापुर में 21 से 23 मार्च तक संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया गया था जिसमें विकासखंड भैयाथान के खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया था। जूनियर बालिका भाला फेंक में कस्तूरबा गांधी आवासीय परिसर की मोनिका ने प्रथम स्थान जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय परिसर की गीता पंडो की अगवाई में खो-खो जूनियर में दूसरा स्थान, बरपारा की बालिका जूनियर वॉलीबॉल ने दूसरा स्थान, बरपारा के बालक जूनियर वॉलीबॉल ने तीसरा स्थान, कुश्ती सीनियर वर्ग में लालजी यादव ने दूसरा स्थान, राहुल गुप्ता ने जूनियर वर्ग में कुश्ती में दूसरा स्थान एवं बैडमिंटन सीनियर वर्ग में कुमारी तनूजा रानी साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विकासखंड भैयाथान के सभी प्रतिभागियो ने कम संसाधन के बीच कड़ी मेहनत से बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पूरे विकासखंड का नाम रोशन किया। इस सफलता के लिए कोच दिनेश साहू, संजय यादव.राजाराम विश्वकर्मा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय परिसर की अधीक्षिका ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बाजार में पहुंचने लगे तरबूज, खरबूज, खीरा



अनूपपुर। गर्मी का असर बढ़ते ही राजनगर बाजार में तरबूज और खरबूज, खीरा, ककड़ी की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। तापमान में लगातार इजाफा होने के साथ ही लोग शरीर को ठंडक देने वाले फलों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे इन फलों की बिक्री में भी खासा उछाल देखा जा रहा है। राजनगर बाजार में इन दिनों तरबूज और खरबूज, खीरा, की भरपूर आवक हो रही है। आसपास के ग्रामीण केवई नदी, सोन नदी के इलाकों से किसान बड़ी मात्रा में इन फलों को बाजार में ला रहे हैं, जिससे राजनगर रविवारीय एवं बुधवारी बाजार में रौनक बढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ मांग और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। फिलहाल कीमतें सामान्य बनी हुई जिससे आम लोगों को भी आसानी से ये फल उपलब्ध हो रहे हैं।

# सिद्धबाबा मंदिर मार्ग व अन्य कार्यो के लिए 5.51 करोड़ का भूमिपूजन

**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार पूरी हो गई। आज क्षेत्र में सिद्धबाबा मंदिर तक जाने वाली सड़क निर्माण सहित कुल 5 करोड़ 51 लाख 9 हजार रूपए के विभिन्न सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में स्थानीय नागरिक, श्रद्धालु और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। लंबे समय से मंदिर तक जाने वाली सड़क जर्जर हालत में थी, जिसके कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और अधिक खराब हो जाती थी। अब भूमिपूजन के साथ ही इस मार्ग के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। कार्यक्रम में क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों की भी घोषणा की गई, जिनमें कोरिया कालरी शाखा उद्यान के सौंदर्यीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी की पहल पर स्वीकृति मिली और आज उनका भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। स्थानीय



लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन कार्यों के पूरा होने से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की आधारभूत संरचना भी मजबूत होगी। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाएं लाई जाएंगी, ताकि कोरिया कालरी में नागरिक सुविधाओं का और विस्तार किया जा सके।

# नर्सिंग के विद्यार्थियों ने किया जन जागरूकता कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** शहर में स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जब एके इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग मनेन्द्रगढ़ के विद्यार्थियों द्वारा पीलिया, ट्यूबरक्लोसिस एवं अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा-निर्देश एवं सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्थान में अध्ययनरत जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें उन्होंने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर आमजन को संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया। रैली के साथ-साथ छात्रों ने नुक्कड़ नाटकों का भी प्रभावशाली मंचन किया, इसमें पीलिया और ट्यूबरक्लोसिस जैसी गंभीर बीमारियों के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि पीलिया मुख्यतः दूषित पानी एवं भोजन के कारण फैलता है, जबकि ट्यूबरक्लोसिस एक संक्रामक रोग है जो हवा के माध्यम से फैलता है। उन्होंने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल का उपयोग, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं समय पर उपचार को इन बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक बताया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### चैनपुर में जिला ...

प्रभावी बनाने के साथ-साथ जिले के समग्र विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने छग राज्य के गठन के समय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा देखे गए समृद्ध राज्य के सपने को याद करते हुए कहा कि एमसीबी जिला प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है और यहां अपार विकास संभावनाएं मौजूद हैं। राम गमन मार्ग हरचौका, राष्टीय गुरू घासीदास उद्यान और चिरमिरी का कोयलांचल क्षेत्र जिले की पहचान को राष्टीय स्तर पर स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कृषि और जल संसाधन क्षेत्र में हो रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि केवई नदी के जल से लगभग 50 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए जिला पंचायत मुख्यालय और कलेक्ट्रेट भवन का भी शीघ्र भूमिपूजन किया जाएगा तथा केल्हारी से कठौतिया तक डबल लाइन सड़क निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। रोजगार के क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने वीबी रामजी योजना के तहत 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने और 7 से 15 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही। विलंब होने पर ब्याज सहित राशि दिए जाने का प्रावधान भी बताया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता चौधरी, अनीता सिंह, उजीत नारायण सिंह, रामजीत लकड़ा, श्रीमती सुखवंती सिंह, सरपंच श्रीमती मीना कुमारी, प्रकाश शुक्ला, प्रभारी जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, एसडीएम लिंगराज सिदार, जनपद सीईओ वैशाली सिंह, जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सेजेस खरवत के...

गौरवान्वित हुआ है। इस दौरान विद्यालय के खेल प्रशिक्षक सचिन मिश्रा का विशेष मार्गदर्शन रहा है जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय जिला खेल अधिकारी एवं सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता एवं प्राचार्य आरएस गुप्ता ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ियों में जुनून और जीवटता की कोई कमी नहीं है।

